# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{01 श्रावण 1936 (श0)}}{\text{23 जुलाई, 2014 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 155**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 72 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 25 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 06 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 25 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 17 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 05 |
| | | कुल योग — | 155 |

आवास उपलब्ध कराना

''क''-*822. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव विधान-सभा में नरौनी, बनौली, नारायणपुर, नगरी, हवेलीपुर, सेमराँव, 'बरडीहाँ एवं रतनपुर आदि गाँवों में महादलित परिवार को रहने के लिये पक्का भवन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में महादलित परिवार के लिये इंदिरा आवास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*1236. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखंड तथा कदवाँ प्रखंड के बोर्डर पर शीतलपुर पंचायत के निकट सोंधा घाट पर पुल के अभाव में उक्त दोनों प्रखंड के डेढ़ लाख नागरिकों के सामने आवागमन की समस्या बनी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि गर्ग-चौक वैना से मझैली तक पक्की सड़क बनकर तैयार है, जिसके बीच उक्त घाट है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सोंधा घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*1237. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत तिरहुत कैनाल के कटकुईया से समरकोल माईनर विगत 2 वर्षों से 132-133 आर०डी० पर पक्का नाला टूट गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला के टूटने के कारण सेखा, समरकोल, पिपरा, बनकरवा सहित अन्य ग्रामों का पटवन 2 वर्षों से बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*1238. श्री दिलीप वर्मा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के सिकटा प्रखंड के अंतर्गत वैसखवा-बेहरा एवं भिकारपुर होते हुये सिकटा बाजार तक जाने वाली पथ की स्थिति काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ को प्रधानमंत्री सड़क योजना में विगत वर्ष 2008 में ही ली गयी परन्तु आजतक उक्त पथ का निर्माण नहीं हो सका है, जिसके चलते आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

नोट--''क'' दिनांक 16 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा स्थगित ।

—

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ ससमय पूरा करना

*1239. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौल प्रखंडान्तर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना साहूपाड़ा से सिलहन खजुरिया पथ, टीकाचक से फुलवड़िया-बैजनाथपुर पथ एवं सनोखर-बनियड्डा पथ वर्ष 2012 तक पूर्ण करना था, लेकिन आजतक उक्त पथ का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो उक्त पथों को ससमय पूरा नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

पुलिया का निर्माण

*1240. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के सिलाव प्रखंड अन्तर्गत सिलाव गिरियक पथ से करियन्ना भाया बक्सु जलालपुर पथ का निर्माण मुख्य मंत्री सड़क योजना मद में वर्ष 2012-13 में किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नाधीन पथ में बेलौर के निकट.पईन में सिंचाई पुलिया जो पूर्व में बना हुआ था, पथ निर्माण के समय ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे किसानों की सिंचाई सुविधा बन्द हो गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ध्वस्त पुलिया (पुल) का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव निरोधक कार्य करना

*1241. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नवहट्टा प्रखंडान्तर्गत असई, कैवली, छतवन, रामजी टोला, विरजाईन आदि गाँव में कटाव के कारण प्रतिवर्ष जमीन एवं घर कटते हैं जिससे लोगों के जान-माल पर खतरा लगा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कटाव निरोधक कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुलिया का जीर्णोद्धार

*1242. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत मैनाटांड से रामनगर जाने वाली दो नहर के मुख्य पथ पर ग्राम छौघरिया के पास ढोंगही नदी पर वर्ष 2011 में निर्मित पुलिया के माह दिसम्बर, 2013 में अचानक धंस जाने से आवागमन पूर्णत: बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुलिया का जीर्णोद्धार कराकर आवागमन सुविधा सुचारू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आई०टी०आई० खोलना

*1243. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर अनुमण्डल में सरकार का एक भी आई०टी०आई० संस्थान नहीं है जिससे यहाँ के गरीब लोगों को तकनीकी प्रशिक्षण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सोनपुर अनुमण्डल में आई०टी०आई० संस्थान खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1244. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के संथाली चौक से भढेली जानेवाली सड़क एकंमा पीच रोड सड़क विगत 15 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पक्की सड़क से जोड़ना

*1245. श्री रामनरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 250 की आबादी पर सड़क निर्माण कराने की योजना शुरू करने का निर्णय मई, 2012 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत उसनैना, अन्दौली हिन्दु, सुन्दरपुर एवं धुनियावाँ टोल की आबादी 1000 से उपर होने के बावजूद सड़क से नहीं जोड़ा गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त गाँवों को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निबंधन कराना

*1246. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत प्रखण्ड डुमराँव, नावानगर, केसठ, चौंगाई के 3613 निर्माण श्रमिकों ने बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन हेतु वर्ष 2011 में श्रम कार्यालय बक्सर में आवेदन समर्पित कर चुके हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक 1 जुलाई, 2014 तक नहीं होने से आवेदित श्रमिकों को निबंधन परिचय-पत्र नहीं हो सका है, जिससे वे कल्याण बोर्ड के कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त प्रखण्डों के आवेदित 3613 निर्माण श्रमिकों को बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1247. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला-पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में मुड़वा ग्राम से झलमछिया नाला होते हुये कालिकापुर जानेवाली सड़क में झलमछिया नाला पर पुल नहीं होने के कारण निकटस्थ आबादी को घोर असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के समय में पूर्णतः आवागमन बन्द हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*1248. श्री रामनरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखण्ड के दोस्तिया से परिहार प्रखण्ड के ग्राम नरंगा की दूरी दस(10) कि०मी० है और यह ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर है और जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1249. श्री प्रभात रंजन सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के प्रखण्ड बगहा 1 के ग्राम नड्डा चौक से पच्छिहवा टोला होते हुये, ग्राम कोल्हुआ महादलित बस्ती तक सड़क नहीं है, जिससे आवागमन बाधित रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र के आवागमन के लिये सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

पथ का निर्माण

*1250. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के अकवरपुर प्रखण्ड में एन०एच० 31 से गोपालपुर मानेविघा होते हुये अम्मयों पथ काफी जर्जर स्थिति में है तथा उक्त पथ में यात्रियों को चलने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

योजना प्रारम्भ करना

*1251. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत कटिहार जिला में विगत छः महीने से बी०पी०एल० परिवार के स्मार्ट कार्डधारी रोगियों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि बी०पी०एल० परिवार के रोगियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को पुनः प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास की मरम्मती

*1252. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट एवं पंचदेवरी सदर प्रखंडों में पदस्थापित कर्मियों के सरकारी आवास विगत 10 वर्षों से अभीतक वार्षिक मरम्मती नहीं कराये जाने से काफी जर्जरावस्था में हो गया है जिससे आवासित कर्मियों को असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के कर्मियों के सरकारी आवासों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*1253. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुलतानगंज प्रखण्ड के कसटीकरी से शरीफा पुल तक तथा शाहकुण्ड प्रखण्ड के किरणपुर मोड़ से बाघच्चप्पर गाँव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अन्तर्गत पथ निर्माण कार्य विगत तीन वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था, जो आजतक अधूरा है जिससे उक्त क्षेत्र के आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने तथा विलंब के लिये दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1254. श्री अशोक कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत रफीगंज प्रखण्ड के मदार नदी पर ग्राम भेटनियाँ के पास नदी में पुल नहीं है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*1255. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौंसी प्रखंड पंचायत असनाहा के ग्राम डुमरी थरी में धमसागर बाँध का निर्माण 25.61 डिसमिल में पन्द्रह वर्ष पूर्व किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि धामसागर बाँध से डुमरी परी, खरौनी, धर्मपुर, इटहसी, माधोपुर, कुरथियाटीकर के हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई होती थी, मरम्मती नहीं होने से अभी सिंचाई नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस बाँध का पूर्ण निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*1256. डॉ० अरूण कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड में हुसैन चक से बिन्दपुर पथ का निर्माण वर्ष 2006 में मुख्य मंत्री सड़क योजना से प्रारंभ किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक के द्वारा सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है, अभीतक सड़क का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, जिससे लोगों को आने जाने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का सुदृढ़ीकरण

*1257. श्री उमाकान्त यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखण्ड स्थित पदमा टोला के मंसूरी मुहल्ला में पी०डब्लू०डी० पथ से हासीम चौकीदार के घर तक पथ की स्थिति जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पथ का सुदृढ़ीकरण कराकर कालीकरण करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*1258. श्री मुजाहिद आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के माराडांगा चौक से टेंगा जाने वाली पक्की सड़क में दांती धार पर अबतक पुल निर्माण नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के दांती धार में पुल नहीं होने के कारण लोगों को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के दांती धार में पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*1259. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड में पैमार नदी पर ओढ़नपुरा और काशी विगहा के बीच पुल नहीं है जिससे इस क्षेत्र के 28 गाँवों के लोगों को आने-जाने में कठिनाईयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1260. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पंडौल प्रखण्ड अन्तर्गत सरसोपाही उच्च विद्यालय-2 का भवन निर्माण हेतु वर्ष 2008 में 16 लाख रुपया कार्य प्रमण्डल, मधुबनी भवन निर्माण को 2 वर्षों के अंदर भवन बनाने हेतु स्कूल प्रबंधन समिति, सरसोपाही द्वारा दिया गया था, परन्तु 6 वर्षों के बाद भी अबतक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन बहाल करना

*1261. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान-सभा क्षेत्र के बनमा इटहरी प्रखंड के अन्तर्गत जमालनगर, हराहरी, प्रिय नगर होते हुये लालपुरतरहा, बहोरवा तक जाने वाली सड़क का निविदा वर्ष 2012 में निकला तथा कार्य भी प्रारम्भ हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य में कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक के द्वारा कार्य में काफी अनियमितता बरता जा रहा है जिसके कारण आज भी कार्य पूरा नहीं हुआ है एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक के क्रिया-कलापों की जाँच करवाते हुये उक्त अधूरे सड़क का निर्माण कबतक कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

छिलका का निर्माण

*1262. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहार शरीफ प्रखंड अंतर्गत ग्राम छबिलापुर-मखदुमपुर के निकट गोईवा (पंचाने) नदी में सर्वे बाँध खाता नं० 726, प्लौट नं० 3116 पर पक्का छिलका पटवन की सुविधा हेतु निर्माण करने का प्रस्ताव विगत तीन वर्षों से लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्न खंड (1) में अंकित छिलका निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य ने पत्रांक 282, दिनांक 29 सितम्बर, 2014 द्वारा तथा स्मार पत्र दिनांक 4 मई, 2014 को सरकार को कार्रवाई हेतु आवेदन दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्न खंड (1) में अंकित स्थान पर पक्का छिलका निर्माण करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल की मरम्मती

*1263. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड अंतर्गत कदाने नदी पर बना बाजी पुल मरम्मती के अभाव में जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## पुल बनाना

*1264 श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत अतरी प्रखंड में नारसिंह विगहा और टीकर के बीच पेमार नदी पर पुल नहीं है जिससे इस क्षेत्र के जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## सड़क का कालीकरण

*1265. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के पिपरा बाजार से चम्पानगर सड़क का सिमेरिया तक केवल पाँच कि०मी० सड़क कालीकरण वर्ष 1990 में हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिमेरिया से चम्पानगर पथांश का आज तक कालीकरण नहीं होने से साठ हजार की आबादी को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमेरिया से चम्पानगर तक सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

## भवन का निर्माण

*1266 श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मनसूरचक प्रखंड स्थित गोविन्दपुर पंचायत दो के अहियापुर में वित्तीय वर्ष 2009-10 में आंगनबाड़ी केन्द्र का भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, परन्तु वर्तमान समय तक भवन निर्मित नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, सरकार उक्त भवन को कबतक निर्मित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## नियुक्त करना

*1267 श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में छटनीग्रस्त दलपतियों की सं० 1579 है तथा उन्हें वेतन 175 रु० प्रति महीना मिलता है जिससे सभी दलपति परिवार भूख के कगार पर है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बिहार के शेष छटनीग्रस्त 1579 दलपतियों को ग्राम सेवक के पद पर नियुक्त करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दीवाल का निर्माण

*1268. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड के बराय पंचायत के संहगी गाँव में रोड पर बने हुये पुल के किनारे पानी के बहाव के दबाव से गाँवों में जाने वाली सड़क ध्वस्त हो चुकी है एवं ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पुल के किनारे पानी के बहाव एवं दबाव को रोकने के लिये टर्निंग दीवाल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1269. श्री प्रभात रंजन सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के प्रखण्ड बगहा 1 के एन0एच, 28 बी, पश्चिम टोला पिपरिया होते हुये, पिपरिया पूरब टोला महादलित बस्ती तक कोई सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के अभाव में क्षेत्रीय जनता को आवागमन की काफी असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का निर्माण

*1270. श्री (मो0) जावेद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के बलथी चौक से मुशहरनियाँ पथ का पक्कीकरण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छः महीने से संवेदक ने काम करना बंद कर दिया है और सड़क अधूरा पड़ा हुआ है जिस कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बोरिंग लगाना

*1271. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुण्ड प्रखण्ड के सुखसरोवर तथा घोरपीठियाँ ग्राम में स्टेट बोरिंग नहीं है, जिसके कारण उक्त ग्राम के किसानों को सिंचाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में स्टेट बोरिंग का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*1272. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में हरसिद्धि प्रखण्ड के गायघाट से हरसिद्धि आर0ई0ओ0 पथ, उसरा एवं 4था कि0मी0 में 1.5 कि0मी0, मुरारपुर पवरिया टोला से फतुहाँ चौक तक, फतुहाँ नगर से मेहता टोला मेनकेनाल नहर तक, To2 कनछेदवा उच्च विद्यालय चौक से कनछेदवा कुशवाहा टोला तक, हरसिद्धि बाजार से चादोपुर जाने वाली पथ में 4.5 कि0मी0, हरपुर राय पकड़ी चौक से गायघाट 3 कि0मी0 तथा तुरकौलिया प्रखण्ड में परशुरामपुर चौक से पवरिया टोला तक का पथ क्षतिग्रस्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पथों की मरम्मती कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क बनाना

*1273. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत केवाला ग्राम पंचायत के आर0ई0ओ0 सड़क से डुमरिया बैहार होते हुये मिल्की तिनबट्टी तक सड़क की स्थिति खराब रहने से आम जनता को कठिनाइयों और असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

------

छिलका का निर्माण

*1274. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत टेटिया बम्बर प्रखंड के ग्राम पौकड़ी में मौजा पौकड़ी के दक्षिण तरफ महाने नहीं में दुलारी घाट के समीप श्री रामानन्द सिंह के जमीन के पास सिंचाई हेतु फाटकनुमा छिलका का निर्माण नहीं रहने से पटवन कार्य में असुविधा होती है, यदि उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त फाटकनुमा छिलका का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जाँच कराना

*1275. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में नाबार्ड योजना की राशि से खगड़िया सोनमनकी धार पथ के 7वें कि0मी0 में बागमती नदी पर उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण कार्यारंभ दिनांक 16 नवम्बर, 2013 को बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 के संवेदक रॉयल इन्फ्रा कन्शट्रक्शन लि0 के द्वारा किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन के अनुसार नींव के प्रकार और उसके गहराई का अनदेखी किया जा रहा है तथा पुल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री सीमेंट, बालू, गिट्टी का प्रयोग धड़ल्ले से अभियंता से मिलकर किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल निर्माण कार्य में सामग्री का प्रयोग मानक के अनुरूप नहीं किये जाने की उच्चस्तरीय जाँच करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क की मरम्मती

*1276. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ग्रामीण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बनौली से मोहनपुर होते हुये बधेजी तक जाने वाली विभागीय सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ को जोड़ना

*1277. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के नाहर प्रखंड के हिसुआ तिलैया रेलवे स्टेशन से ग्राम भीमबीघा तक पथ का निर्माण आजतक नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बरसात में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार भीमबीघा को बारहमासी पथ से जोड़ने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का कालीकरण

*1278. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के फुलसाथर ढिबरा मेन रोड से बर्मा बारा मेन रोड तक जाने वाली कच्ची सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पद का समायोजन

*1279. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लघु जल संसाधन विभाग के विभिन्न प्रमंडलों में वर्ष 1976वें एवं 1980 से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का विभाग में रिक्त पदों के विरुद्ध समायोजन आजतक लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कार्यरत दैनिक भोगी श्रमिकों का रिक्त पदों पर समायोजन कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1280. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत मनोहरपुर ग्राम पंचायत के जगवाटी गाँव में धनश्याम राय के घर के सामने से शंकर स्थान मुरली राय के घर तक सड़क की स्थिति बिल्कुल खराब है जिससे लोगों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1281. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत शाहपुर-चण्डीनावाँ पथ में टाटी नदी पर बना पुल पर सिंगल गाड़ी पार होती है, पुल काफी जर्जर है एवं भारी वाहन पार होने पर पुल हिलता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बाँध का निर्माण

*1282. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमाननगर प्रखंड के गोदाई पट्टी पंचायत के ग्राम रायपुर पासवान टोला के पास बागमती नदी के कटाव से बचाव के लिये बाढ़ सुरक्षात्मक बाँध का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर कटाव से बचाव हेतु बाढ़ सुरक्षात्मक बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जल निकासी कराना

*1283. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत बक्सर दिनारा पी0डब्लू0डी0 रोड से ग्राम पुरुषोत्तमपुर के पास जल-जमाव बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रोड से ग्राम पुरूषोत्तमपुर के पास नाला निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम पुरुषोत्तमपुर के पास नाला निर्माण कराकर जल निकासी कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

आवास उपलब्ध कराना

*1284. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1)क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी प्रखंड के फागा पंचायत ग्राम-कुरथियाटीकर में जनवरी, 14 में अगलगी में 30 बी0पी0एल0 खैरा जाति के परिवार का घर जल कर राख हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अब इन परिवारों को मात्र एक हजार रु0 अनुदान की राशि के अलावे कोई सहायता सरकार की तरफ से नहीं दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बी0पी0एल0 परिवारों की समुचित सरकारी सहायता एवं प्रत्येक परिवार को इंदिरा आवास देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*1285. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला-पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखंड रामगढ़वा में मुड़वा पीच सड़क से मुड़वा ग्राम होते हुए दोस्तीय जाने वाले 2 कि0 मी0 सड़क की स्थिति अत्यन्त खराब है, जिस कारण आवागमन में कष्ट का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त वर्णित पथ का कबतक पक्कीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1286. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर प्रखंड अन्तर्गत एन0 एच0 57 (दिल्ली मोड़) से सुन्दरपुर, रानीपुर गाँव तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से वित्तीय वर्ष 2013-14 में सम्पन्न हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त सड़क रानीपुर गाँव तक नहीं पहुँची एवं 1 कि0 मी0 पहले तक ही सड़क बनाकर छोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण रानीपुर गाँव तक कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*1287. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के खड़का ग्राम से कटौंझा एन0 एच0 77 तक बागमती का उपधारा विगत 20 वर्षों से बांध से सटकर बहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बागमती के उपधारा से सटे इब्राहिमपुर, खड़का, रैणशंकर इत्यादि का कटाव 10 वर्षों से हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गाँवों के बाँध का कटाव को रोकने हेतु कटाव निरोधक कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना को पूर्ण करना

*1288. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010-11 में पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड में एन0 आर0 ई0 पी0 स्कीम के तहत योजना सं0 265 एफनामा उच्च विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण हेतु योजना सं0 264 तेलंग गाँव में नाला निर्माण की योजना प्रारम्भ की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों योजनाओं में प्राक्कलित राशि के उठाव के बावजूद भी योजना का कार्य अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त दोनों योजनाओं को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल की मरम्मती

*1289. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अंतर्गत खरियानी प्रखंड के लहसुरका, तुर्की, सीमाहदाहा रैन चौक की आर0 ई0 ओ0 सड़क के लहसुरका स्क्रूपायल पुल वर्ष 2004 के बाढ़ में क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त पुल की मरम्मती कराकर आवागमन कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1290. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत बरियारपुर रेलवे स्टेशन के निकट ऊपरी पुल का निर्माण कार्य विगत वित्तीय वर्ष 2005-06 से प्रारम्भ हुआ था, जिसे वित्तीय वर्ष 2008-09 में पूरा किया जाना था लेकिन आजतक ऊपरी पुल का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे कार्यों को पूरा करते हुए संबंधित संवेदक एवं अभियंता पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*1291. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत कुमारखण्ड प्रखण्ड के पंचायत कुमारखण्ड वार्ड नं0 1 महादलित टोला एवं ग्राम पंचायत विसनपुर सन्दर के मनकहा महादलित टोला सुरसर नदी के कटाव से खतरा हो रहा है एवं पूरी बस्ती कट रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव को कटाव से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1292. श्री ज्ञानचंद मांझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के गड़खा प्रखण्ड के शिवगंगा पथ में ग्राम-पहाड़पुर से ग्राम-साहपुर चौक तक सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे यातायात बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार इस पथ का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*1293. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत उच्च राज पथ नवादा जमुई पथ में पकरीवरावाँ बाजार में पथ के दोनों तरफ नाला नहीं रहने से पकरीवरावाँ बाजार का पानी गली में ही जाम हो जाता है जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पकरीवरावाँ बाजार में नवादा-जमुई पथ के दोनों तरफ नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1294. श्री रामानंद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखण्ड कोल्हर पंचायत के ग्राम जनार्दनपुर में मुख्य सड़क एन0एच0 30ए से जनार्दनपुर पथ तक पथ का निर्माण 6 वर्ष पूर्व में की गयी थी, किन्तु पथ बिल्कुल खराब हो गया है जिससे वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल बनाना

*1295. श्री सुनील कुमार "पिन्टू"--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर से मोतिहारी जाने में बागमती नदी के खौड़ीपाकर घाट पर पुल के अभाव में 135 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि पुल के बन जाने पर यह दूरी मात्र 49 कि0मी0 रह जायेगी;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित पुल के निर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अगस्त, 2012 में एवं फरवरी, 2013 में तत्कालीन मुख्य मंत्री को पत्र दिया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में खौड़ीपाकर घाट पर पुल बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क को पूर्ण करना

*1296. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा के अधीन हसनपुर से शाहपुर पथ का निर्माण कार्य हेतु पूर्व में निविदा कराया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा 5 कि0मी0 पूर्व और 3 कि0मी0 अंत में छोड़कर मात्र 4 कि0मी0 सड़क बीच से ही बनाया गया, जिससे यातायात प्रभावित होता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1297. डॉ0 रामानंद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना सदर प्रखण्ड के जल्ला में बेगमपुर-दौलतपुर पथ का निर्माण 7 वर्ष पूर्व की गयी और अभी पथ की स्थिति बिल्कुल जर्जर है और बरसात के दिनों में पथ की स्थिति नारकीय हो जाती है, जिससे वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1298. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत जिबछ नदी पर सौराठ एवं कनैल जानेवाली सड़क के बीच में स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्लूईस गेट को बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1299. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर एवं तरैया सीमा के बीच गोबिन्दापुर में डाबरा नदी पर लोहा पुल जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक वर्ष पूर्व उक्त जर्जर पुल को सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग पुल को स्वयं देखा था एवं शीघ्र ही ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल 2, छपरा द्वारा निविदा भी निकाला गया, लेकिन आजतक कार्य शुरू नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जर्जर पुल का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

योजना कार्य पूरा करना

*1300. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा विधान-सभा क्षेत्र के मेजरगंज प्रखण्ड के रसूलपुर पंचायत के बीच ग्राम के पीच रोड से राकेश कुमार सिंह के घर तक पी0सी0सी0 कार्य, बसबिट्टा बाजार रघुनाथपुर जाने वाले चौक से रींग बाँध तक, बहेरा पंचायत के मजकोठवा उत्तरवारी चौक से मलिनियाँ होकर रींग बाँध तक कालीकरण कार्य, माधोपुर एस0एस0बी0 कैम्प के दक्षिण से बलुआ मलिलिया होकर रींग बाँध तक, सोनवर्षा प्रखण्ड के मुड़हा मुस्लिम टोला रींग बाँध से मुड़हा बाजार तक, सोनवर्षा प्रखण्ड के कल्हौल बाजार के पश्चिम से मांरसर बोर्ड तक कालीकरण का कार्य सीमा क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत दो वर्ष पूर्व ही स्वीकृत रहने के बावजूद आजतक कार्य नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त कार्यों को कराने का विचार रखती है ?

## पक्की सड़क बनाना

*1301. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखण्डान्तर्गत ग्राम-सतुआही-कर्मा-कुशमी, कटया-रामपुर की आबादी एक हजार से अधिक होने के बावजूद पक्की सड़क नहीं है जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सभी गाँवों में कबतक पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है ?

---------

## पथ का निर्माण

*1302 श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर मुख्य पथ से नहर सर्विस रोड उहड़ी कजरियाँ ग्राम तक की दूरी 8 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ ग्राम-उहड़ी, नागपुर, गैधरा, पिपरा महादलित बस्ती से होकर गुजरता है, जर्जर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पथ का सुदृढ़ीकरण

*1303. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत मनसाही चौक से ठीक उत्तर बड़ी बथना होते हुये शरीफगंज कंतनगर पथ निर्माण विभाग की सड़क तक पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की जर्जरता के कारण मनसाही, मनिहारी तथा कटिहार प्रखंड के 2 लाख नागरिकों के आवागमन में काफी असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का सुदृढ़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नलकूप चालू करना

*1304. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया विधान-सभा के पानापुर एवं तरैया प्रखंडों के 95 प्रतिशत राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से बन्द पड़े हुये हैं जिससे किसानों को सुखाड़ का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद पड़े राजकीय नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना को कार्यान्वित करना

*1305. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला संचालन समिति में थावे प्रखण्ड के सुकुलवा में रेलवे लाइन के बगल में गंडक कैनाल पर जो सुकुलवा नरकटिया पथ को जोड़ती है तथा ख्वाजेपुर टोकबरिया जाने वाली सड़क में गंडक की उपधारा में मुख्य मंत्री सेतु योजना के तहत् पुल का निर्माण कराये जाने का निर्णय 28 मई, 2013 को प्रश्नकर्ता की अनुशंसा पर लिया गया था लेकिन अभीतक कार्य नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निर्णय को कार्यान्वित कराने का विचार रखती है ?

---------

पैन की खुदाई

*1306. श्री विनय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के हलसी प्रखंड के बल्लोपुर पंचायत अन्तर्गत मतासी गम्हारी से मेन कैनाल तक पैन की खुदाई 25 वर्षों से नहीं होने से हजारों एकड़ जमीन बंजर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पैन की खुदाई कर बल्लोपुर पंचायत के हजारों एकड़ जमीन को बंजर होने से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*1307. श्री रामानंद राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नावकोठी प्रखण्ड के अंतर्गत पहसारा चौक से बगरस चौक तक जो आर०ई०ओ० का सड़क है जर्जर स्थिति में है जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

रिक्त पद पर नियुक्ति

*1308. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखण्ड सहित पूरे प्रदेश में पंचायत सचिव का 70 प्रतिशत पद रिक्त है, जिसके कारण एक पंचायत सचिव को तीन-तीन पंचायतों का प्रभार दिया जाता है इस स्थिति में पंचायतों का कार्य सही समय पर नहीं कार्यान्वित हो पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार चालू वित्तीय वर्ष में पंचायत सचिव के रिक्त पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई उपलब्ध कराना

*1309. श्री सदानंद सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बटेश्वर स्थान गंगा पम्पिंग योजना चरण I के संशोधित कार्यक्रमानुसार वर्ष 2012 के जून माह से ही मुख्य नहर से सिंचाई हेतु किसानों को पानी उपलब्ध कराने की सरकार की योजना थी, जो आजतक पूरा नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना से मुख्य नहर द्वारा जून-जुलाई, 2014 से किसानों को पटवन हेतु पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1310. श्री दिलीप वर्मा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के सिकटा प्रखण्ड के अधीन नौखनिया नदी पर पुल ध्वस्त हो गया है जिस कारण वहाँ के करीब 10 हजार आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध का पक्कीकरण

*1311. श्रीमती गुलजार देवी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत भूतही-बलान नदी पर बने पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध के अंतिम छोर तक खरंजाकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु जगह-जगह उसके क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित दोनों तटबंधों का कबतक पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला की सफाई

*1312. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलांतर्गत बनमनखी प्रखंड के पिपरा मधुबन रामनगर, खुर्द एवं महराजी गाँवों का नाला 2 वर्षों से जाम है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों के नाला जाम होने से किसानों को पटवन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के नाला की सफाई कर पुनः चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कलभर्ट का निर्माण

*1313. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के छपरा सलेमपुर पथ के कि०मी० 68 अंश से 69वें अंश तक एवं खैरा सत्तर घाट पथ के 45वाँ कि०मी०पूर्णतः क्षतिग्रस्त है, जिसका निर्माण विगत पाँच वर्षों से नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि खैरा सत्तर घाट पथ 45वें कि०मी० में 300 मी० से 800 मी०

चैनेज पर पुराना आर्च कलर्भट पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आये दिन दुर्घटना घटती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मती एवं आर्च कलर्भट निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

काम दिलाना

*1314. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बरौनी थर्मल विस्तारीकरण योजना में निर्माण का काम कर रही सतनाम एवं पावर मैक्स कंपनियों के मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सैकड़ों मजदूरों को श्रम कानून के मुताबिक सुविधा की मांग करने के कारण काम से हटा दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक न्यूनतम मजदूरी लागू करवाने, छंटनीग्रस्त मजदूरों को काम पर लगाने का विचार रखती है ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1315. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत करगहर प्रखण्ड के बकसड़ा पंचायत के ईटवा ग्राम को जोड़ने हेतु (परसथुआ-कथराई-''इठवा होते हुये सिमरिया छलका) वर्ष 2008 में ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कार्य शुरू किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि छ: वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक उक्त सड़क का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त सड़क के कार्य को पूरा करने हेतु कौन सा कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल चालू करना

*1316. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत झौवां पंचायत का ट्यूबवेल विगत 5 वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े ट्यूबवेल को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*1317. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलांतर्गत विक्रमगंज-डेहरीपथ पर सलेमपुर मोड़ से चिकसी पथ की मरम्मती गत वर्ष 2013 के जून माह में करायी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकसी गाँव के पास 2 कि०मी० पथ की मरम्मती आज तक शेष है, जिससे आवागमन प्रभावित होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के पास शेष बचे पथ की मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1318. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सोनकी चिकनी से विन्देश्वर स्थान तक 16 कि०मी० का निर्माण कार्य जनवरी, 2014 में समाप्त हुआ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण में सरकारी प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं होने के कारण सड़क टूटना शुरू हो गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के निर्माण कार्य की जाँच करवाकर संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*1319. श्री रामसूरत राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औराई विधान सभा के औराई बाजार एवं चहुटा में लखनदेई नदी पर बना पुल तथा हथौड़ी अमनौर पथ में पकहीघाट पर बना पुल काफी क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुलों एवं पहुंच पथों का मरम्मत कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन चालू करना

*1320. श्री रामप्रवेश राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पीपरा से विसुनपुरा (बरौली) तक और एन० एच० 28 कोइनी से मधुसरेया तक जाने वाली विभागीय सड़कें पूरी तरह ध्वस्त हो जाने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों की मरम्मती कबतक कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1321. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम जितवारपुर चौथ स्थित खिरहर पोखर भिण्डा एवं धरमपुर के निकट बूढ़ी गण्डक नदी के भीतरी भाग स्थित बाहा पर एवं प्रखण्ड ताजपुर के ग्राम भेरोखड़ा स्थित मटिया पुल के निकट बाहा पर मुख्य मंत्री सेतु योजना के तहत पुलिया निर्माण कार्य वर्ष 2012 से लंबित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलिया के अधूरा रहने से आमजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्य सम्पन्न कराने में किये जा रहे लापरवाही के लिये जिम्मेवार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं अविलम्ब योजना पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

फाटक की मरम्मती

*1322. श्री गिरिधारी यादव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर विधान सभा क्षेत्र के बेलहरना वीयर में गाद भर जाने एवं फाटक जर्जर हो जाने के कारण सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बेलहरना वीयर के गाद की सफाई एवं फाटक की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*1323. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर भाया बरियरिया अरेराज पथ जिसकी दूरी 13 कि०मी० है काफी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क उत्तर बिहार के प्रसिद्ध सोमेश्वर नाथ महादेव अरेराज को सीधा जोड़ता है तथा हजारों की संख्या में पर्यटक श्रद्धालुओं को शिवलिंग का दर्शन पूजा करने में प्रतिदिन कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का मरम्मती कराकर आवागमन सुचारू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1324. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 25 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''घटिया सामग्री को ले सड़क जाम'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलांतर्गत जयनगर प्रखंड के बरही से बालापट्टी गाँव तक मुख्य मंत्री योजना से 5 करोड़ सात लाख अंठावन हजार की लागत से सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी तथा अनियमितता संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि सड़क निर्माण में हो रहे अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किया गया एवं 24 मई, 2014 को आवेदन कार्यपालक अभियंता, जयनगर को दिया गया परन्तु अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सड़क निर्माण में किये जा रहे अनियमितता के विरुद्ध संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1325. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सिकटी विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत भाटिया से भट्टाबाड़ी धर्मगंज होते हुये कोठी घाट तक जाने वाली (प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क) सड़क में चतरा घाट पर बने ह्यूम पाइप से बने कलभर्ट (पुल) ध्वस्त हो जाने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है ?

आवागमन बहाल करना

''ख-''*1326. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसण्ड विधान-सभा क्षेत्र के मेजरगंज बंसबिट्टा जानेवाले पथ में हरसकरी देवस्थल के निकट पुल के दोनों तरफ एप्रोच नहीं रहने के कारण आवागमन अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक एप्रोच रोड बनाकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है ?

----------

पथ का निर्माण

*1327. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत आर०पी०एस० मोड़, पटना से एल०आई०सी० कॉलोनी होते नवल किशोर उपाध्याय के घर तक पथ तथा आशियाना दीघा रोड में सी०आर०पी०एफ० कार्यालय के पास से 90 फीट चौड़ी नेपाली नगर होते हुये पाटलिपुत्रा स्टेशन पथ काफी जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों के कच्ची होने के कारण शहरी क्षेत्रों के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1328. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलगंज प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर कालोपरि सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2013-14 में पी०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क प्राक्कलन के विपरीत निर्माण कार्य होने के कारण 6 माह के अन्दर क्षतिग्रस्त हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1329. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के प्रखण्ड ठाकुरगंज में सी०पी०डब्लू०सी० सड़क पौआखाली चौक से पवना, पाटकोई होते हुये बहादुरगंज किशनगंज पथ डेरामारी तक काफी जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''ख--'' ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

## सड़क की मरम्मती

*1330. <u>श्री विभाष चन्द्र चौधरी</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखण्ड में इलाहाबाद बैंक के निकट कालिकापुर ग्राम में मुख्य सड़क पर काफी बड़ा-बड़ा गड्ढा हो गया है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थान पर सड़क की मरम्मती करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

## पथ का निर्माण

*1331. <u>श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सदर प्रखण्ड के अन्तर्गत कुतलूपुर पंचायत में हरिबाबू टोला से शिवराम चौधरी टोला, तेरासी टोला, दुर्गा चौधरी टोला, कचहरी टोला, रामसिंह टोला होते हुये जाफरनगर पंचायत के बुद्धान मरर टोला से पानगाछी तक (समस्तीपुर पंचायत जिला-बेगूसराय) पथ की स्थिति अत्यंत ही जर्जर होने से वाहनों का आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थल पर पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पुल बनाना

*1332. <u>श्रीमती अमला देवी</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखण्ड के कौरियापट्टी पश्चिम ईदगाह घाट पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल को कबतक बनाने का विचार रखती नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क का कालीकरण

*1333. <u>श्रीमती सुजाता देवी</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखण्ड के आवासीय मध्य विद्यालय थुमहा एस०एच० 76 से ग्राम पिराही सखुआ होते हुये किशनपुर प्रखण्ड के ग्राम तुलापट्टी परसा हाट होते हुये तुलापट्टी मदरसा तक पाँच किलो मीटर कच्ची सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का अबतक कालीकरण नहीं होने से पचास हजार की आवादी को आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ बनाना

*1334. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखंड के बेलौर के त्रिलोकी नाथ तिवारी द्वारा बेलौर दुर्गा मंदिर से उत्तरी छोर से डीह स्थान होते हुये त्रिलोकी नाथ मिश्र के मकान तक पी०सी०सी० ग्रामीण पथ निर्माण कार्य कराने का मांग किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत ग्राम+पो०-बेलौर, थाना-गुठनी के त्रिलोकी नाथ मिश्रा के आवेदन पर पत्रांक 11/मु०अ०-3सूचना-20.13.13-4051 अनु०, दिनांक 11 नवम्बर,2013 रामजी चौधरी मुख्य अभियंता, पटना द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल-2, सीवान को लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक 11859 अनु०, दिनांक 23 अक्टूबर, 2013 द्वारा कार्रवाई हेतु भेजा गया है परन्तु अबतक कार्य नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*1335. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिले के विक्रमगंज दिनारा पथ पर नोनहर मोड़ से कैलानी पथ विगत चार वर्षों से काफी जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्यूबवेल चालू करना

*1336. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड दुर्गावती में पिपरी, इसडी, खरखोली गाँव का ट्यूबवेल पाँच वर्षों से बंद पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण जनता के द्वारा कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता को वर्ष 2009 में विभाग को जानकारी दिया गया है, लेकिन आजतक ट्यूबवेल चालू नहीं हुआ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का ट्यूबवेल चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण करना

*1337. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के गुरूआ-दरियापुर रोड से गुरूआ महादलित टोला भुईया विगहा महादलित होते हुये सिमारू महादलित टोला तक जानेवाली कच्ची सड़क काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक पक्की बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डैम की सफाई

*1338. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के बहुआरा डैम में गाद भर जाने से,पानी का ठहराव नहीं हो पाता है जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त डैम की सफाई कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*1339. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के पी०डब्लू०डी० पथ चकिया केसरिया में बहुमरा चौक से नारायणपुर पुल तक की ग्रामीण कार्य विभाग की 08 कि०मी० की सड़क काफी जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण से मुक्ति

*1340. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा, हटनी, हरड़ी, बसखीरा पथ निर्माण विभाग की सड़क में दोनों किनारे में अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क से अतिक्रमण हटाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1341. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत एन०एच० 80 देवघरा से मनियारचक तक पीरी बाजार को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण वर्ष 2006-07 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क का मरम्मत विगत 8 वर्षों से नहीं होने के कारण जर्जर हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महत्वपूर्ण सड़क एन०एच० 80 देवघरा से मनियारचक का मरम्मत कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का निर्माण

*1342. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलातर्गत बनमनखी प्रखंड के रासाढ़ 82 नम्बर गाँधी ग्राम खिरखिड़िया टोल, कदमपुर नदी का कटाव विगत 10 वर्षों से चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों को नदी के कटाव से रोकने हेतु कटाव रोधक बाँध का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पईन की सफाई

*1343. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत रफीगंज प्रखंड से सोन उच्चस्तरीय नहर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोन उच्चस्तरीय नहर के आर0डी0 बिन्दु 139 दनैय के पास से भेटनियाँ तक नहर की सफाई नहीं होने से किसानों की सिंचाई कार्य में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आर0डी0 बिन्दु 139 दनैय. के पास से भेटनियाँ तक पईन की सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ की मरम्मती

*1344. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा अनुमंडल के रोसड़ा से मब्बी होते हुये सरहचिया मंगलागढ़ चौक तक सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ जर्जर होने के कारण कृषक को कृषि कार्य करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का मरम्मत कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1345. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008-09 में पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखण्ड के बहुआरी, झिटकहीया तिलावे नदी में लगभग 3 करोड़ के स्लूईस गेट बना परन्तु फाटक तथा किसानों के पटवन हेतु नदी के दोनों तरफ नाला निर्माण अबतक नहीं होने से सिंचाई नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूरा कराते हुये स्लूईस गेट लगाकर चालू कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कैनाल का जीर्णोद्धार

*1346. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बेलहर विधान-सभा क्षेत्र के बेलहरना मुहाने लिंक कैनाल के जर्जर हो जाने के कारण पटवन का कार्य बाधित है, हाँ, तो क्या सरकार बेलहरना मुहाने लिंक कैनाल का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

योजना की स्वीकृति देना

*1347. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के बदला कोपड़िया चौराहा (सहरसा जिला तक) राज्य पथ 95 घोषित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु खगड़िया पथ प्रमंडल के द्वारा 15 कि0मी0 और सहरसा पथ प्रमंडल के द्वारा 75 कि0मी0 निर्माण हेतु वर्ष 2013-14 के कार्य योजना में सम्मिलित किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कार्य योजना विभागीय स्वीकृति हेतु वर्ष 2013 से लम्बित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य योजना की स्वीकृति देने का विचार रखती है ?

------

पुल का निर्माण

*1348. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत के लावरवारी गाँव के उत्तर सौरा नदी पर गुररघाट पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल का निर्माण नहीं होने से कसबा प्रखण्ड एवं जलालगढ़ प्रखण्ड की आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ की मरम्मती

*1349. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत एन0एच0 30 दानापुर से बिहटा-आरा पथ का मरम्मती कार्य विगत पाँच वर्षों से नहीं होने के कारण काफी जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की चौड़ाई कम होने तथा रोड डिवाईडर नहीं होने के कारण इस सड़क पर प्रत्येक दिन दुर्घटनाएँ होती है जिस कारण सैकड़ों लोगों की जाने जा चुकी है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पथ के मरम्मती, चौड़ीकरण एवं सड़क में रोड डिवाईडर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला की मरम्मती

*1350. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंड के साया बाँध में चहका तथा पईन की सफाई नहीं होने के सैकड़ों एकड़ जमीन में सिंचाई कार्य बाधित है जिससे किसानों को सूखे का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चहका, पईन की उड़ाही, मरम्मती नहीं होने के कारण बड़हारा नाला में ग्रामीणों का घर नाला में विलीन हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चहका, पईन एवं नाला मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1351. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के ठाका प्रखंड के डैनी नाला (श्याम बखरी), मोतीया लाला (चंद्रहिया) मोतीया नाला (नरकटीया), अमवा चैनपुर नासी, एवं बलुआ लौखान नासी तथा अरूणा नदी पीठवा, घोड़ासहन में स्लूईस गेट नहीं होने से किसानों को प्रतिवर्ष सिंचाई के अभाव में फसल क्षति का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त नाला, नासी में कबतक स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सिंचाई सुविधा देना

*1352. श्री दिनेश प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा पाँच वर्ष पहले यह निर्णय लिया गया था कि सभी नहर और वितरणी के अँतिम छोर तक पानी पहुँचाया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर अंचल के चार पंचायतों पानापुर, पिपराहा, असली, जामिन मठिया में विभाग का नहर एवं वितरणी वर्षों से बना हुआ है परंतु उसमें पानी नहीं आने के कारण आजतक एक भी गाँव को सिंचाई सुविधा प्राप्त नहीं हो पायी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के नहर और वितरणी तक पानी पहुँचाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नलकूप चालू करना

*1353. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड के अखिगाँव एवं बचरी कोइलवर प्रखंड के चाँदी तथा विशुनपुर एवं उदवन्तनगर प्रखंड के मसाद गाँव में स्थित राजकीय नलकूप पाँच वर्षों से बंद है जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

गंगा से प्रदूषण मुक्ति कराना

*1354. डॉ0 इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 जनवरी, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पल-पल बढ़ता ही जा रहा नदियों पर खतरा'' को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में गंगा एक्शन प्लान के विफल होने और गंगा में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के चलते राष्ट्रीय गंगा रीवर बेसिन ऑथिरिटी ने विगत दो वर्ष पूर्व विश्व

बैंक की सहायता से 1.6 विलियन डालर (करीब 7,000 हजार करोड़ रुपये) की लागत से गंगा को प्रदूषण मुक्त करने की घोषणा की लेकिन आजतक इस संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की जा सकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 24 साल में गंगा मे ऑक्सीजन की मात्रा 25 से 28 प्रतिशत की कमी हुई है, ऑक्सीजन की कमी 15 सालों में और भी होने पर गंगा में मछली, केकड़ा, कछुए सहित कोई जल जीव जिंदा नहीं बच पायेंगे ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस संबंध में गंगा में केकड़ा, मछली एवं अन्य जल जीवों की रक्षा हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

------

रोजगार सृजन करना

*1355. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह (एस0एच0जी0) का गठन नहीं होने से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार का कोई साधन नहीं मिल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोजगार के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएँ दैनिक मजदूरी कर अपने जीवन का निर्वाह कर रही हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दानापुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह (एस0एच0जी0) को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

अंतिम छोर तक पानी पहुँचाना

*1356. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत लोअर किउल दायाँ भाग सिंचाई परियोजना से सूर्यगढ़ा तथा चानन प्रखंड के 4015 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिंचाई योजना से सूर्यगढ़ा प्रखंड शून्य तथा चानन प्रखंड के मात्र 500 हेक्टेयर से भी कम जमीन को सिंचाई सुविधा प्राप्त होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कुन्दर से बन्नुबगीचा तक मुख्य नहर जीर्ण-शीर्ण टूटे-फूटे होने के कारण पानी नहर के अंतिम छोर तक नहीं जा पाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोअर किउल दायाँ भाग कुन्दर से बन्नुबगीचा मुख्य नहर का लाइनिंग तथा पक्कीकरण कर अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1357. डॉ0 अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंड के मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कोशी वौध से ईदगाह चौक (पी0डब्लू0डी0) पथ तक सड़क पी0सी0सी0 प्राथमिकता सूची में चयनित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2014-15 में कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन बहाल करना

*1358. श्री लक्ष्मी नारायण यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया से सेमरा होते हुये शिकारपुर गंज पथ का निर्माण कार्य 28 फरवरी, 2009 को प्रारम्भ किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य दिनांक 27 फरवरी, 2010 को पूर्ण कराने का एग्रीमेंट करने के बावजूद आजतक अधूरा पड़ा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पथ का निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण आवागमन में आम जनता को अत्यधिक कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य को पूरा कराते हुये आवागमन चालू एवं विलम्ब करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

---

एन0 एच0 की मरम्मती

*1359. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना-औरंगाबाद पथ एन0 एच0 98 अरवल जिला होकर जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0 एच0 98 अरवल जिला में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे आये दिन दुर्घटना घटती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरवल जिला में एन0 एच0 98 की मरम्मती कराने का विचार करती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कलभर्ट बनाना

*1360. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर प्रखंड के हकाम लघु नहर सिंधवलिया वितरणी में आर0 सी0 सी0 कलभर्ट या एच0 पी0 कलभर्ट नहीं रहने से नहर के बायें एवं दायें दोनों तरफ हजारों एकड़ भूमि जल जमाव से डूबा रहता है, जिससे फसल की बर्बादी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनेटरिंग अंचल 2, पटना के पत्रांक, 569, दिनांक 16 दिसम्बर, 2013 द्वारा कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमंडल, गंडक योजना, गोपालगंज को स्थल का निरीक्षण कर कलभर्ट बनाने की अनुशंसा की माँग की गई थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार हकाम लघु नहर में आर0 सी0 सी0 या एच0 पी0 कलभर्ट कबतक बनाने का विचार रखती है ?

---

आवागमन चालू करना

*1361. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बेलसंड प्रखंड के मायी मोड़ से भंडारी बाजार होते हुये जय नगर हनुमान मंदिर तक तीन किलो मीटर सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराकर कबतक आवागमन सुचारु कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1362. श्रीमती दिलमरणी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलांतर्गत ब्रह्मपुर प्रखंड के नैनीजोर स्थित बिहार घाट से हल्दी तक के लिये पीपा पुल निर्माण हेतु 16 करोड़ रुपये का निविदा आमंत्रित किया गया है, परन्तु दिनांक 19 जून, 2014 तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पीपा पुल निर्माण नहीं होने से लाखों आबादी प्रभावित हो रही है तथा कृषि कार्य बर्बाद हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पीपा पुल निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाढ़ से बचाव

*1363. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा 2 प्रखंड के चम्पापुर गनौली के पास विमली मनोर पहाड़ी नदी से सोनगढ़वा तक बाढ़ एवं कटाव से बचाव हेतु वर्ष 2013 में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराये गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनगढ़वा के बाद दरदरी दारूगाँव तक बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य नहीं कराये गये हैं, जिससे उक्त गाँव तक प्रतिवर्ष बाढ़ आती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनगढ़वा से उक्त गाँव तक बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1364. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखण्ड के पंचदेवरी चौक से बगही बाजार तक जाने वाली सड़क विगत 5 वर्षों से बिल्कुल जर्जरावस्था में हो जाने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल चालू करना

*1365. श्री संजय सिंह (टाइगर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलांतर्गत कोईलवर प्रखंड के घनडीहा गाँव में अवस्थित राजकीय ट्यूबवेल (हरियाणा) तथा ट्यूबवेल संख्या 24 क्रमशः तीन वर्ष एवं छः महीना से बन्द हैं, जिससे सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1366. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सिकटी विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत भाटिया भट्टाबाड़ी से धर्मगंज तक जाने वाली (प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क) पथ का निर्माण वर्ष 2012-13 में करायी गयी है जिसमें प्राक्कलन के अनुसार निर्माण कार्य नहीं हुआ तथा मापदंड का ख्याल नहीं रखने के कारण अल्प समय में ही सड़क ध्वस्त होती जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सम्बन्धित संवेदक और पदाधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

श्रमिक को भुगतान करना

*1367. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर बिहार राज्य न्यूनतम परामर्शदातृ पर्षद ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर दिनांक 1 अप्रील, 2014 से 7 प्रतिशत की दर से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को परिवर्तनशील महंगाई भत्ता देने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार गजट में प्रकाशित परिवर्तनशील महंगाई भत्ता 7 प्रतिशत से कम है, जिससे राज्य के असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को प्रतिदिन अरबों रुपये की क्षति हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जुलाई, 2013 से दिसम्बर, 2013 के औसत मूल्य सूचकांक के आधार पर दिनांक 1 अप्रील, 2014 से 7 प्रतिशत परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दर से श्रमिकों को भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अधूरे कार्य पूर्ण करना

*1368. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के पकठौल से सिंघौल पथ के बीच में पुल बना हुआ है, लेकिन करीब डेढ़ कि०मी० पथ का कार्य अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की जाँच कराकर बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

छिलका का निर्माण

*1369. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड के ग्राम बिरजपुर के पास महाने नदी में छिलका का निर्माण नहीं होने से किसानों को पटवन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छिलका का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1370. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल स्थित देकुली सिसौनी पथ के बीच पोखराम स्थित कोनीघाट में पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहन का आवागमन ठप हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू करना

*1371. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रोह प्रखंड के ग्राम पंचायत नरूई के ग्राम मानपुर स्थित नलकूप विगत पाँच वर्षों से बंद है जिससे किसानों को पटवन कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में कबतक नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी पर कार्रवाई

*1372. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड लक्ष्मीपुर गाँव से नरार कोठी एन०एच० 105 तक तथा रसीदपुर चौमाहन से सीबीपट्टी तक सड़क का एक वर्ष पहले मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण के साथ ही सड़क क्षतिग्रस्त हो रहा है जिस कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सड़क निर्माण में अनियमितता के विरुद्ध संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*1373. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008 में सरकार द्वारा 250 की बसावट वाली गाँवों को पक्की सड़क से जोड़ने का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत बलुआ गोईठही मुख्य पथ से ग्राम टिकुल टोला होते हुए बेलसंडी त्रिवेणी कैनाल तक जाने वाली मात्र एक कि०मी० कच्ची सड़क का पक्कीकरण आजतक नहीं किया गया है, जबकि आबादी 2000 से अधिक है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य कराना

*1374. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि विधान-सभा के दोनों प्रखण्ड हरसिद्धि एवं तुरकौलिया में पी0एम0जी0एस0वाई, एम0एम0जी0एस0वाई अंतर्गत एक भी सड़क की स्वीकृति नहीं दी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व का निविदा से आर0डब्लू0डी0/पी0एम0जी0एस0वाई0/एच0क्यू0/इ0टी0/14-003 प्रकाशित हुआ है जिसमें पूर्वी चम्पारण जिला के सभी विधान-सभा क्षेत्रों में पथों के स्वीकृति के पश्चात् निविदा कर दी गयी परन्तु हरसिद्धि के पथों के स्वीकृति या निविदा नहीं की गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हरसिद्धि के पथों को स्वीकृति पश्चात् निविदा कर निर्माण कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*1375. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क एन0एच0 57 फोरलेन से कंशी जलवार मुख्य सड़क की हालत अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की कबतक मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ बनाना

*1376. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के ग्राम खनवा से रिरदला तक पी0डब्लू0डी0 का पथ है जो काफी जर्जर स्थिति में है, जिसकी लम्बाई लगभग 12 कि0मी0 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का टेन्डर विगत पाँच माह पूर्व ही हो गया परन्तु आजतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया जिसके कारण स्थानीय नागरिकों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1377. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के प्रेमनगर से अनुमान नगर एवं गंगवारा से टिकोली पथ विगत चार वर्षों से जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पईन की खुदाई

*1378. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के कैनदी पंचायत अन्तर्गत कौली नहर में ककरौडी फॉल नं0 1 से काला आहर तक पईन की खुदाई 10 वर्षों से नहीं की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पईन की खुदाई नहीं होने से शेखपुरवा, परसामा ककरौडी, गिद्धा तथा कौली गाँव का हजारों एकड़ भू-भाग बंजर होने की स्थिति में आ गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कौली नहर में ककरौडी फॉल नं0 1 से काला आहर तक पईन की खुदाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ की मरम्मती

*1379. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के उग्रवाद प्रभावित तिलौथु प्रखण्ड के अंतर्गत आर0ई0ओ0 पथ ग्राम बाबुगंज से भदोखरा तक अत्यन्त ही जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के जर्जर होने से लगभग दस गाँव का प्रखण्ड मुख्यालय से सम्पर्क नहीं हो पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाबुगंज भदोखरा पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

डाकबंगला का जीर्णोद्धार

*1380. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव विधान-सभा क्षेत्र के अंतर्गत अगिआँव एवं सेमराँव में पूर्व से सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित डाकबंगला है जो आज क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त डाकबंगला का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल बनाना

*1381. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के बड़ीजान से आजाद चौक भाया दुर्गापुर पी0एम0जी0एस0वाई0 सड़क में दुर्गापुर धार में अबतक पुल निर्माण नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के दुर्गापुर धार में पुल नहीं होने के कारण लोगों को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के दुर्गापुर धार में पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## चहारदीवारी का निर्माण

*1382. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमण्डल मुख्यालय भवन का विगत 10 वर्षों से मरम्मती नहीं हुआ है तथा चहारदीवारी भी बना नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार बेनीपुर अनुमण्डल मुख्यालय की मरम्मती तथा चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

-------

## नलकूप चालू करना

*1383. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड अंतर्गत सरैया राजकीय नलकूप चालू नहीं रहने के कारण सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नलकूप को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

## पथ का निर्माण

*1384. डॉ0 अरूण कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ प्रमण्डल सहरसा अंतर्गत अधरी से कोशी बाँध 10.7 कि0मी0 पथ का हस्तांतरण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सहरसा के पत्रांक 826, दिनांक 28 जून, 2011 द्वारा पथ प्रमण्डल सहरसा को दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों को 2012-13 के कार्य योजना में भी सम्मिलित किया गया था, परन्तु अबतक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

## कलभर्ट का निर्माण

*1385. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखण्ड के बरेटा ग्राम पंचायत के गुमदा आदिवासी टोला में आने-जाने का एकमात्र सड़क के बीच से नहर गुजरती है, जिसपर कलभर्ट नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नहर में पानी रहने के कारण आदिवासी टोला के ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है और बच्चों का स्कूल जाना बंद हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नहर पर कलभर्ट का निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1386. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मुंगड़ाप्याजी में ग्राम प्याजी किशन लाल हरिजन के घर से महादलित टोला कोचगढ़ खगड़या टोला कोचगढ़ होते हुये ग्राम पलसवाड़ी महादलित टोला प्रधान मंत्री पथ तक सड़क कच्चा है एवं आमजनों को आने-जाने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पी0सी0सी0 करना

*1387. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखण्ड के बहेलिया विगहा महादलित टोला से सुबेदार विगहा महादलित टोला होते हुये पांडे चक तक कच्ची सड़क है जिससे आवगमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पी0सी0सी0 निर्माण कार्य कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषी पर कार्रवाई

*1388. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर विधान-सभा क्षेत्र के हनुमान नगर से सिबुआरा सड़क वर्ष 2013 में, मोरे से रतनपुरा सड़क वर्ष 2012 में निर्माण किया गया था तारालाही से संतपुर, बिशनपुर से रूपौली तथा शिवदासपुर से फुलवरिया का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों का प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों की गुणवत्ता की जाँच कराते हुये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ की मरम्मती

*1389. श्री (मो0) जावेद --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखण्ड भोटाथाना से पोठिया 11 कि0मी0 आर0ई0ओ0 रोड की हालत जर्जर है जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रोड का कबतक मरम्मती या निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना :
दिनांक 23 जुलाई, 2014 (ई0)।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 71 डी0टी0पी0-450